Total number of pages : 8

19E ADHI

2019

ADVANCE HINDI

Full Marks : 100

Pass Marks : 30

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

*Q. No. **1** carries **1** mark each*	1×12 = 12
*Q. No. **2** carries **2** marks each*	* 2×6 = 12
	* 2×4 = 8
*Q. No. **3** carries **4** marks each*	* 4×9 = 36
*Q. Nos. **4 & 5** carry **6** marks each*	6×4 = 24
*Q. No. **6** carries **4** marks each*	4×2 = 8
	Total= 100

Contd.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(क) कबीर के राम कौन थे? 1

(ख) सूरदास के गुरु का नाम क्या था? 1

(ग) कवि रहीम का पूरा नाम लिखिए। 1

(घ) 'धरती पर स्वर्ग' कविता के कवि का नाम लिखिए। 1

(ङ) 'बादल राग' कविता में बादल किसका प्रतीक है? 1

(च) 'ताज' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं? 1

(छ) 'उसने कहा था' का नायक कौन है? 1

(ज) लाल की माँ का नाम क्या है? 1

(झ) 'उत्साह' किस प्रकार का निबन्ध है? 1

(ञ) हरिजन यात्रा में महात्मा गाँधी काशी कब गये थे? 1

(ट) सुलतान कौन था? 1

(ठ) अरुणाचल प्रदेश में प्रमुख अदिवासी जनजातियों की संख्या कितनी हैं? 1

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सीमित शब्दों में दीजिए : 2×10=20

खण्ड-क

*(इस खण्ड से **किन्हीं छः** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×6=12

(क) 'सींचौ पेड़ पीवै सब डारी' के माध्यम से कबीरदास क्या कहना चाहते हैं? 2

(ख) बालक कृष्ण के प्रति माता यशोदा के मन में कैसी अभिलाषा थी? 2

(ग) 'जानी मैं रानी अजानी महा, पबि पाहन हू तें कठोर हियो है' — प्रस्तुत पंक्ति में कौन किसको अज्ञानी कह रहा है? 2

(घ) सीता ने ग्राम वधुओं के प्रश्नों के जवाब कैसे दिये? 2

(ङ) कवि रहीम थोड़े दिनों के लिए विपत्ति का होना क्यों जरूरी मानते हैं? 2

(च) सुदामा कौन हैं? कृष्ण ने उनकी दुर्गति को कैसे खत्म किया? 2

(छ) 'मुख मैं तीनि लोक दिखराए, चकित भई नंद-रनियाँ' — अर्थ बताइए। 2

(ज) छोटे आदमियों से बड़े काम न होने के पीछे कवि रहीम का क्या तर्क है? 2

(झ) कबीर के अनुसार भ्रम में पड़कर मनुष्य क्या कहते रहते हैं? 2

खण्ड-ख

*(**किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×4=8

(क) मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार हम धरती को कैसे स्वर्ग बना सकते हैं? 2

(ख) 'मैं मनुष्यत्व का नाट्य खेलने आया' — यहाँ नाट्य खेलने से कवि का क्या तात्पर्य है? 2

(ग) जग का हृदय कैसे शांत हो सकता है? 2

(घ) 'मुझे गर्व है किन्तु राखी है सूनी।' — कवयित्री को किस पर गर्व है? 2

(ङ) "आत्मा का अपमान, प्रेत औ' छाया से रति?" — के माध्यम से कवि सुमित्रानंदन पंत क्या कहना चाहते हैं? 2

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×9=36

(क) पठित पदों के आधार पर कबीर की भक्ति-भावना का परिचय दीजिए। 4

अथवा

अपने पाठ्य पुस्तक में निहित 'बाल लीला' विषयक सूर के पदों का भावार्थ प्रस्तुत कीजिए।

(ख) कवि 'पंतजी' ताज के निर्माण से नाखुश क्यों हैं? स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

'राखी की चुनौती' कविता के भावार्थ को अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) 'बादल राग' कविता का सारांश प्रस्तुत कीजिए। 4

अथवा

'धरती पर स्वर्ग' कविता के माध्यम से कवि गुप्त जी क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(घ) सूबेदारनी ने लहना सिंह से क्या कहा था? उसने सूबेदारनी की बात किस तरह रखी? बताइए। 4

अथवा

'कुड़माई' होने की बात सुनकर लहना सिंह के मन में जो प्रतिक्रिया हुई थी उसका संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ङ) 'जानकी' की तुलना भारत माता से किस रूप में की गई है? विस्तारपूर्वक लिखिए। 4

अथवा

'उसकी माँ' कहानी के आधार पर लाल का चरित्र चित्रण कीजिए।

(च) 'हार की जीत' कहानी के आधार पर खड्ग सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए। 4

अथवा

'हार की जीत' कहानी की *किन्हीं चार* प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(छ) "साहसपूर्ण आनन्द की उमंग का नाम 'उत्साह' है" — इस कथन की समीक्षा कीजिए। 4

अथवा

'उत्साह वास्तव में कर्म और फल की मिली-जुली अनुभूति है, जिसकी प्रेरणा से तत्परता आती है' — समीक्षा कीजिए।

(ज) गाँधी और कबीर की विचारधाराओं में क्या-क्या समानताएँ हैं? स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

'अन्न त्यागने से गोपाल नहीं मिल सकते, आध्यात्मिक सिद्धि नहीं हो सकती।' — इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(झ) 'अरुणाचल, जहाँ सूरज की पहली किरण पड़ती है' पाठ के आधार पर बोमडीला के रास्ते एवं प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

'बनाने वाले मर जायेंगे, लेकिन सड़क जिन्दा रहेगी।' — कथन का आशय बताइए।

4. (क) 'उसने कहा था' कहानी के आधार पर लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए। 6

अथवा

'हार की जीत' कहानी का सारांश लिखिए।

(ख) मुगल शासन के समय दिल्ली का उत्कर्ष किस प्रकार हुआ? 'दिल्ली की आपबीति' निबंध के आधार पर बताइए। 6

अथवा

'हजार साल की अपनी जिन्दगी में बराबर बनती-बिगड़ती रही हूँ।' —'दिल्ली' के इस कथन की समीक्षा कीजिए।

5. (क) कबीरदास के समाज-सुधारक रूप का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 6

अथवा

कृष्ण-भक्तिकाव्य की *किन्हीं छः* प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए।

(ख) प्रगतिवादी काव्य की *किन्हीं छः* विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 6

अथवा

आधुनिक हिन्दी साहित्य में महावीर प्रसाद द्विवेदी के योगदान को रेखांकित कीजिए।

6. ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए : 4×2=8

(क) तुलसीदास

(ख) सरस्वती पत्रिका

(ग) प्रेमचंद

(घ) भारतेन्दु

(ङ) अष्टछाप।

———×———